Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment, Property, Business Opportunity, Vehicles, Announcements, Antiques & Collectables, Barter, Books, Computers, Domain Names, Education, Miscellaneous, Entertainment & Event, Hobbies & Interests, Services, Jewellery & Watches, Music, Obituary, Pets & Animals, Retail, Sales & Bargains, Health & Sports, Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी का दौर जारी

## चारधाम सहित ऊंची चोटियों ने ओढ़ी बर्फ की चादर

**मौसम**

■मैदानों में बारिश और शीतलहर

**संवाददाता**



देहरादून। उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी का दौर जारी है। चारधाम सहित ऊंची चोटियों में हिमपात और मैदानों में बारिश से उत्तराखंड ठंड से ठिठुरने लगा है। मसूरी के आसपास की पहाड़ियों के साथ ही चकराता, सुरकुंडा भी इस सीजन में पहली बार पहाड़ियों ने बर्फ की चादर ओढ़ ली है। वहीं, बर्फबारी के चलते उत्तरकाशी में गंगोत्री हाइवे और पिथौरागढ़ में थल मुनस्यारी मार्ग अवरुद्ध हो गया।

मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर उत्तराखंड के अधिकांश जिलों में शुक्रवार को एक से 12 वीं तक के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई थी। वहीं, बुधवार की शाम से शुरू हुआ बर्फबारी और बारिश का सिलसिला भी जारी है। पूरी रात भर रुक–रुक कर बारिश होती रही।

देहरादून से मसूरी के आसपास की पहाड़ियां सफेद नजर आने लगी। शुक्रवार सुबह तक सुरकुंडा में करीब छह ईंच, धनोल्टी में एक ईंच तक हिमपात हो चुका था। वहीं, बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, औली, जोशीमठ, गौरसों, पांडुकेश्वर, पौड़ी जिले के खिर्सू, नैनीडांडा, वीरोंखाल में भी हिमपात हुआ। साथ ही कुमाऊं के लोहाघाट, पिथौरागढ़, नैनीताल, बागेश्वर सहित ऊंची चोटियों में खूब हिमपात होने से सर्दी में इजाफा हो गया। उत्तरकाशी में बर्फबारी के चलते सुक्की से गंगोत्री तक सड़क अवरुद्ध हो गई। वहीं, पिथौरागढ़ में रातापानी से मुनस्यारी तक भारी हिमपात होने से थल मुनस्यारी मार्ग अवरुद्ध हो गया।

मसूरी के आसपास की पहाड़ियों में हिमपात का लुत्फ उठाने के लिए पर्यटकों ने भी मसूरी की ओर रुख करना शुरू कर दिया है। मसूरी में करीब दो डिग्री सेंटीग्रेड तक तापमान होने के कारण ठिठुरन बढ़ गई। ऐसे में दून में भी हाड़ कंपाने वाली ठंड पड़ने लगी है। इसे देखते हुए मौसम विभाग ने दून और आसपास के क्षेत्र में भारी बारिश और शीत दिवस की चेतावनी जारी है।

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार मसूरी समेत आसपास की पहाड़ियों पर बर्फबारी का दौर जारी रहेगा। इससे बर्फ की मोटी चादर बिछ सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि गुरुवार को दून का अधिकतम तापमान 16.2 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं मसूरी का अधिकतम तापमान 10.4 व न्यूनतम तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अभी दून और मसूरी के अधिकतम तापमान में और गिरावट आने की संभावना है।

## न्यूज डायरी

### देवप्रयाग में छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

**संवाददाता** टिहरी। राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में पुलिस प्रशासन की ओर से महिला सुरक्षा को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महिला पुलिस की ओर से छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में थाना देवप्रयाग के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को देखते छात्राओं को जागरूक किया गया। थाना प्रभारी महिपाल सिंह रावत ने कहा पुलिस महिलाओं की सुरक्षा को लेकर हमेशा सतर्क रहती है। मगर कई बार महिलाओं को अकेले कार्य करने की स्थिति बन जाती है, ऐसे में उनको आत्मरक्षा की जरुरत कभी भी पड़ सकती है।

### पौड़ी के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हुई जमकर बर्फबारी

**संवाददाता** पौड़ी। जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में शुक्रवार को सीजन की पहली बर्फबारी हुई। बर्फबारी और बारिश से शुक्रवार को पूरे दिनभर आमजनजीवन अस्त–व्यस्त रहा। शुक्रवार को जिले के थलीसैंण, चौंरीखाल, चाकीसैंण, खिर्सू, धुमाकोट, जडाऊखांद, गुजडूगढ़ी, दीवागढ़ी आदि क्षेत्रों में बर्फबारी हुई। सीजन की पहली बर्फबारी से किसानों व पर्यटकों के चेहरे खिले हुए है। पौड़ी के मांडाखाल, बुआखाल आदि स्थानों पर भी सुबह को हल्की बर्फबारी हुई। शुक्रवार को दिनभर पौड़ी में रुक–रुक कर बारिश होती रही। सीजन की पहली बर्फबारी व बारिश से किसानों के चेहरे भी खिले हुए है।

### जिला पंचायत अध्यक्ष पद के उप निर्वाचन का मतदान 16 दिसम्बर को

**संवाददाता** हरिद्वार। जिला निर्वाचन अधिकारी (पं0) हरिद्वार, दीपेन्द्र कुमार चौधरी ने अवगत कराया कि जनपद हरिद्वार में सम्पन्न होने वाले अध्यक्ष जिला पंचायत के उप निर्वाचन 2019 हेतु मतदान 16.12.2019 को प्रातः 09:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे के बीच होगा, और मतगणना अपराह्न 03:00 बजे से प्रारम्भ होगी। निर्वाचन हेतु मतदान, मतगणना की प्रक्रिया जिलाधिकारी कार्यालय, कलेक्ट्रेट न्यायालय कक्ष रोशनाबाद हरिद्वार में सम्पन्न होगी। निर्वाचन में मतदान स्थल में केवल उम्मीदवार एवं निर्वाचक (निर्वाचित सदस्य जिला पंचायत) एवं निर्वाचन में नियुक्त कर्मचारीध्अधिकारी ही प्रवेश करेंगे। अध्यक्ष जिला पंचायत के पद के निर्वाचन हेतु मतदान के समय मतदान स्थल में प्रवेश करते समय निर्वाचकों (सदस्यों) को निर्वाचित सदस्यता प्रमाण पत्र अपने साथ लाना होगा।

## 'कोसी पुर्नजनन अभियान' को जन अभियान के रूप में आगे बढ़ाया जाए

**बैठक**

**संवाददाता**



बैठक में प्रतिभाग करते अधिकारी।

अल्मोड़ा। मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में एक ''कोसी पुर्नजनन अभियान'' को एक जन अभियान के रूप में आगे बढ़ाया जाय यह निर्देश आयुक्त कुमाऊ मण्डल राजीव रौतेला ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि इस अभियान में लोगो की सहभागिता सुनिश्चत किये जाने व इसका व्यापक प्रचार–प्रसार किये जाने के उददेश्य से माह में एक बार कोसी दिवस के रूप में मनाया जाय जिससे लोगो के मन में यह अभियान जीवंत रहे। इस दिवस के माध्यम से कुछ न कुछ गतिविधिया कोसी कैचमैण्ट क्षेत्र में करायी जाय जिससे लोग अभियान से जुड़े रहें। आयुक्त ने कहा कि इस अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम, गोष्ठियॉ, विद्यालयों में पेटिंग, क्वीज प्रतियोगितायें, अन्य खेल गतिविधियॉ अनवरत् रूप से चलती रहें। उन्होंने कहा कि यह अभियान एक या दो वर्षो का नहीं है यह एक दीर्घकालीक अभियान है।

इस अभियान में एनजीओ, वन पंचायतों, ग्राम पंचायतों, स्वयं सहायता समूहों, महिला मंगल दलो आदि की सहभागिता को लगातार जारी रखा जाय इन लोगो के बिना इस अभियान में सफलता प्राप्त करना असम्भव है।

## मुख्यमंत्री ने लिया भोजपुरी फिल्म ''जान'' का मुहुर्त शॉट



भोजपुरी फिल्म ''जान'' का मुहुर्त शॉट लेने के दौरान सीएम।

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखंड में डी आर जे फिल्मस् के बैनर तले बन रही भोजपुरी फिल्म ''जान'' का मुहुर्त शॉट लिया। इस फिल्म की शूटिंग उत्तराखण्ड के चकराता, विकासनगर, चौपता, पुरोला, हरिद्वार एवं ऋषिकेश में लगभग एक माह तक की जायेगी। फिल्म के मुख्य कलाकार अरविंद अकेला, निधि झा, अमित शुक्ला, समर्थ चतुर्वेदी एवं राजेश मलगुडी हैं। इस अवसर पर फिल्म के प्रड्यूसर राज जयसवाल, डायरेक्टर अरविंद चौबे, संजय सोनानी, देबू रावत, अजय मल्ल, रविचंद्रन, अनुज कुमार झा आतिद उपस्थित रहे।

## उत्तराखंड के चमोली में आया भूकंप, लोग घरों से बाहर निकले

**संवाददाता**



उत्तराखंड के चमोली में आया भूकंप, लोग घरों से बाहर निकले चमोली। उत्तराखंड में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। बीते डेढ़ माह में यह छठा मौका है जब प्रदेश में धरती डोल उठी। इस बार भूकंप का केंद्र चमोली के पास रहा। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर कितना था अभी इसका पता नहीं चल पाया है। चमोली के अलावा राज्य में किसी और जिले से भूकंप की सूचना नहीं है। राज्य आपदा प्रबंधन केंद्र के अनुसार कहीं से किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। इससे पहले चमोली में ही 8 दिसंबर को 3.2 तीव्रता का भूकंप रिकार्ड किया गया था।

चमोली जिले में शुक्रवार को शाम करीब चार बजकर 57 मिनट पर धरती डोल उठी। चमोली और जिला मुख्यालय में लोग हड़बड़ा कर घरों से बाहर निकल आए। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी केएन जोशी ने बताया कि भूकंप का केंद्र चमोली कस्बे के पास था। इससे पहले बीती 8 दिसंबर, 28 अक्टूबर, 19 नवंबर और छह दिसंबर को कुमाऊं के पिथौरागढ़ में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

रुड़की स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के भूकंप अभियांत्रिकी विभाग के प्रो.एमएल शर्मा ने बताया कि भूकंप के लिहाज से हिमालयी क्षेत्र बेहद संवेदनशील है। उन्होंने बताया कि कम तीव्रता के भूकंप इस क्षेत्र में आते रहते हैं। अब आधुनिक उपकरणों से उनकी तीव्रता मापना आसान हो गया है। प्रो. शर्मा के अनुसार कम तीव्रता के भूकंप से धरती के भीतर संचित ऊर्जा बाहर आ जाती है और इससे बड़े भूकंप का खतरा कम हो जाता है। उन्होंने कहा कि कम तीव्रता के झटकों से घबराने की आवश्यकता नहीं है।

## टेंडर घोटाला प्रकरण में कार्रवाई के लिए पीएम को लिखा पत्र

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा ने टेंडर घोटाला प्रकरण में कार्रवाई की मांग को लेकर प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है। जन संघर्ष मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण शर्मा पिन्नी का कहना है कि प्रकरण में अधिशासी अभियंता के साथ ही अधीनस्थ अधिकारी और ठेकेदार भी दोषी हैं, लेकिन मात्र ईई के खिलाफ कार्रवाई विचाराधीन है। उन्होंने कहा कि अन्य दोषियों के खिलाफ भी कार्रवाई को लेकर उन्होंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है। कहा कि पूरे प्रकरण में सरकार को भारी आर्थिक क्षति पहुंचाई गई, जो कि एक अपराध है। निर्माण खंड लोनिवि देहरादून द्वारा विकासनगर विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2017 में हुए टेंडर घोटाले को सूचना आयोग ने भी गंभीर माना था।

मुख्य सूचना आयुक्त शत्रुघ्न सिंह ने मुख्य सचिव से प्रकरण के आपराधिक और विभागीय दोनों पहलुओं की जांच कराने का अनुरोध किया था, ताकि आपराधिक सांठगांठ पाए जाने पर क्रिमिनल प्रोसिडिंग प्रारंभ की जा सके, लेकिन विभाग ने मात्र तत्कालीन अधिशासी अभियंता वाईएन राजवंशी को दोषी मानते हुए उनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल की।